खींचतान ▸ धरने की आशंका में प्रशासन अलर्ट, कार्ड देखकर अध्यक्ष को मिली एंट्री

# जिला पंचायत गेट पर ताला, सियासत में हड़कंप




**डिंडोरी ,नवभारत 19 दिसंबर।** शुक्रवार को जिला पंचायत भवन उस वक्त अचानक चर्चा का केंद्र बन गया, जब कुछ देर के लिए उसके मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया गया। गेट के बाहर दल-बल के साथ मुस्तैद दिखे थाना कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने साफ कहा यह कदम पूरी तरह सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। उनके साथ मौके पर तहसीलदार रामप्रसाद मार्को भी मौजूद रहे।

दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते के बीच चल रही तनातनी की देन बताया जा रहा है। प्रशासन किसी भी कीमत पर कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन जैसे हालात की पुनरावृत्ति नहीं चाहता, इसलिए पहले ही मोर्चाबंदी कर दी गई।

### परिसर में अवांछित व्यक्ति की एंट्री रोकी जाएगी : एसडीएम

इस बीच एसडीएम भारती मरावी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मांगी गई धरना प्रदर्शन की अनुमति प्रशासन ने निरस्त कर दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि परिसर में किसी भी अवांछित व्यक्ति की एंट्री रोकी जाएगी, इसी वजह से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। हालांकि, सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर अध्यक्ष रुदेश परस्ते अपनी गाड़ी से जिला पंचायत पहुंचे और उन्हें भीतर जाने दिया गया। लेकिन, इसके बाद अंदर जाने से पूर्व पहचान पत्र देखना अनिवार्य कर दिया गया था।

### कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत परिसर की सुरक्षा बढ़ी

गौरतलब है कि बीते दो-तीन दिनों से जिला पंचायत अध्यक्ष 'एक बगिया मां के नाम' योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे। इसी सियासी गर्माहट को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत, दोनों परिसरों की सुरक्षा बढ़ा दी है। बहरहाल डिंडोरी में चर्चाओं का बाजार गर्म जरूर है कि यह ताला सिर्फ गेट पर लगा था, या सिस्टम पर भी?

# पॉलीथिन मुक्त शाला का लिया संकल्प

▸ सांदीपनी विद्यालय में लगी स्वच्छता की पाठशाला




**शहपुरा नवभारत 19 दिसंबर।** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी, मध्यप्रदेश के अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा द्वारा सांदीपनी विद्यालय (सी.एम. राइस) में 'स्वच्छता की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों को शहरी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं स्थानीय प्रमुख व्यक्तियों ने शहरी स्वच्छता को लेकर संवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन मुक्त घोषित करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

**विद्यार्थियों को बताया साफ-सफाई का महत्व**-स्वच्छता कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर अश्वनी साहू जनशिक्षक, जनशिक्षा केंद्र, प्राचार्य यशवंत साहू एवं सक्षम जीवन कौशल ब्लॉक प्रबंधक उमेश वर्मा ने विद्यार्थियों को विद्यालय व आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। फ्लैग चाल गतिविधि के माध्यम से विद्यालय परिसर में फैले कचरे को एकत्र कर नीले कूड़ेदान में डालने की व्यावहारिक गतिविधि कराई गई, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक संपन्न किया।

# लापरवाही पर निलंबित शिक्षकों की बहाली

▸ एसआईआर कार्य गंभीरता से करने की दी हिदायत

**डिंडौरी ,नवभारत 19 दिसंबर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 104 डिंडौरी के प्रतिवेदन के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को गंभीरता से नहीं करने के कारण निलंबित किए गए तीन शिक्षकों को बहाल कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ब्रजमोहन वालरे, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला वनग्राम समरधा; मनीराम धुर्वे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला अजगर विकासखंड समनापुर तथा दरबारी सिंह परस्ते, सहायक अध्यापक, प्राथमिक शाला कबीर मय खुरखुरीदादर, विकासखंड करंजिया को पूर्व में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया था।


### शिक्षकों को दी गई कड़ी चेतावनी

संबंधित शिक्षकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए निलंबन से बहाल कर पूर्ववत पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि को समस्त प्रयोजनों के लिए कर्तव्य काल माना जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# हाईवे और टूरिस्ट कॉरिडोर के विस्तार की मांग को लेकर चर्चा

▸ सांसद हिमाद्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात



**नवभारत उमरिया 19 दिसंबर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की सड़क संपर्कता मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की। इस भेंट में सांसद ने उमरिया-शहडोल हाईवे के शीघ्र निर्माण, पर्यटन विकास के लिए टूरिस्ट कॉरिडोर का विस्तार तथा रिंग रोड परियोजनाओं को गति देने का आग्रह किया।सांसद सिंह ने पहले उमरिया-शहडोल हाईवे के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया, जो क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आमजन के लिए जीवनरेखा साबित होगा। उन्होंने बताया कि अधर में लटका यह प्रोजेक्ट पूरा होने से शहडोल और उमरिया के बीच यात्रा के समय में भारी कमी आएगी।

**टूरिस्ट कॉरिडोर मैहर से पन्ना नेशनल पार्क तक बढ़ाने का सुझाव दिया**-पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद ने पेंच-कान्हा-बांधवगढ़ तक प्रस्तावित टूरिस्ट कॉरिडोर को मैहर से होकर पन्ना नेशनल पार्क तक विस्तारित करने का सुझाव दिया। मध्य प्रदेश के इन प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्यों को जोड़ने वाला यह कॉरिडोर पर्यटकों के लिए आदर्श होगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि इससे न केवल पर्यटन उद्योग को पंख लगेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी।

**बांधवगढ़ से बरही तक एलिवेटेड हाईवे निर्माण की मांग की**-इसके अलावा, बांधवगढ़ से बरही तक एलिवेटेड हाईवे के निर्माण तथा अनूपपुर और शहडोल शहरों के चारों ओर रिंग रोड बनाने का भी अनुरोध किया गया। सांसद ने इन परियोजनाओं को मंजूरी देकर क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने की अपील की। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने सांसद के अनुरोधों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन प्रस्तावों पर शीघ्र विचार किया जाएगा।

# बच्चे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं : एसडीएम

▸ पंखुड़ी उड़ान के तहत शारीरिक प्रशिक्षण का शुभारंभ



**शहपुरा नवभारत 19 दिसंबर।** शहपुरा के वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में 'पंखुड़ी उड़ान' योजना के अंतर्गत शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर लगभग 100 बच्चों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम शहपुरा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह शारीरिक प्रशिक्षण शिविर महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में खेल एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**खेल संबंधी बारीकियों की जानकारी दी**-प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा तकनीकी माध्यम से व्यायाम, दौड़, फिटनेस एवं खेल संबंधी बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। शिविर में आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों का उपयोग कर बच्चों की शारीरिक क्षमता को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसडीएम शहपुरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित अभ्यास करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## मालगाड़ी से कटने पर महिला की मौत

**चिल्हारी नवभारत 19 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद के पुलिस चौकी अमरपुर अंतर्गत कटनी-चोपन रेल लाइन में बचहा बड़छड़ के पास डाउनबेरक क्रमांक 1138/20 से 1130 के मध्य अज्ञात महिला कट गई। महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है, जिसकी शिनाख्त अभी तक नही हुई है। शिनाख्ती के लिए शव को अमरपुर चीर घर में रखा गया है। उपरोक्त घटना की जानकारी रेल्वे स्टेशन महरोई के प्वाइंट्स मैन अशोक सिह चौहान द्वारा पुलिस चौकी अमरपुर को दी गई। पुलिस प्रकरण की जांच रही है।

# सफाई एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू

▸ स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहपुरा को स्वच्छ रखने की दिशा में पहल




**शहपुरा नवभारत 19 दिसंबर।** शहपुरा नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा द्वारा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष के निर्देश पर नगर में रात्रिकालीन साफ-सफाई व्यवस्था प्रारंभ की गई है, साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन का संचालन भी शुरू कर दिया गया है।

इस पहल का उद्देश्य नगर की सड़कों, बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करना तथा कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण करना है। रात्रिकालीन सफाई से दिन के समय यातायात और आमजन को होने वाली असुविधा से भी राहत मिलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर के समस्त व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगर परिषद का पूर्ण सहयोग करें।

**खुले में कचरा फेंकने से करें परहेज**-उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले प्रतिदिन के कचरे को डस्टबीन में एकत्र करें और उसे नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। खुले में कचरा फेंकने से परहेज करें तथा स्वच्छता नियमों का पालन करें। नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण में शहपुरा की रैंकिंग सुधारने के साथ-साथ स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर नगर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खनिज के अवैध परिवहन पर हाइवा जब्त

**कटनी।** बीते दिवस अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने पर हाइवा जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने बताया कि विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम जुनवानी कला में बंद हो चुकी चूना पत्थर खदान में मलबा की सफाई कर खनन करने की तैयारी करते हुए एक चैन माउंटेन मशीन और जुनवानी कला के पास से खनिज का अवैध भंडारण करने हाइवा जब्त किया गया है।

# मैकेनिकल संकाय के सहायक यंत्री को कलेक्टर ने थमाया नोटिस

▸ कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा की, दिसंबर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**डिंडौरी ,नवभारत 19 दिसंबर।** विगत दिवस कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिसंबर माह में पूर्ण किए जाने हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बताया कि 99 ग्रामों में से 11 ग्रामों में जल स्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य लंबित है, शेष 88 ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं की कम पूर्णता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने दिसंबर माह में शत-प्रतिशत योजनाएं पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिन ग्रामों में स्रोत के अभाव के कारण कार्य रुका हुआ है, वहां शीघ्र नलकूप खनन कराने के लिए कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल), जबलपुर को निर्देशित किया गया।

**त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**-मैकेनिकल संकाय को आवंटित ग्रामों में एक भी योजना पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर ने सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सहायक यंत्री द्वारा विद्युत समस्या के कारण कार्य प्रभावित होने की जानकारी देने पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो नियमित रूप से भेजे**-मेसर्स आरके गुप्ता को आवंटित ग्रामों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही समस्त विभागीय एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने तथा स्थल के जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की पुनः समीक्षा 20 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।



# न्यायालय में जांच, फाइलों में जाकर फंसा न्याय

▸ एसडीएम बजाग के औचक निरीक्षण में 58 प्रकरणों की खुली पोल, प्रवाचक को नोटिस



**डिंडोरी/बजाग, नवभारत।** शुक्रवार को नायब तहसीलदार करंजिया का न्यायालय उस वक्त प्रशासनिक हलचल का केंद्र बन गया, जब एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने औचक निरीक्षण कर डाला। निरीक्षण में जो सामने आया, उसने न्यायिक कार्यप्रणाली की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया।रिकॉर्ड दुरुस्ती से जुड़े प्रकरणों की पड़ताल में पाया गया कि कई मामलों में आदेश पत्रिका तक संधारित नहीं की गई, तो कई प्रकरण निर्धारित तारीख पर न्यायालय में पेश ही नहीं हुए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि 58 प्रकरणों में पटवारी प्रतिवेदन आने के बावजूद उन्हें निराकरण के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया।

**नायब तहसीलदार को दिए सख्त निर्देश**-इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए प्रवाचक मुकेश पेंन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं, नायब तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए गए कि वे हर सप्ताह अपने न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित मामलों का समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करें। निरीक्षण के बाद एसडीएम देवांगन सीधे ग्राम रैतवार और खम्हरिया रैयत पहुंचे, जहां रास्ता विवाद को लेकर ग्रामीणों से मौके पर ही चर्चा और स्थल जांच की गई। खम्हरिया में करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर विवादित स्थल तक पहुंचे एसडीएम ने दोनों पक्षों से बात कर तुरंत समाधान कराया।

**धरती आबा सर्वे से लेकर स्कूल के भोजन तक की जांच**-इसी दौरे में ग्राम पंचायत रैतवार में धरती आबा सर्वे का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना (एमडीएम) की जांच की गई, जहां दाल, चावल और सब्जी की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति करीब 90 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसे प्रशासन ने सकारात्मक संकेत बताया।

# भारी आवक से खरीदी केंद्र में धान रखने जगह नहीं

▸ केवल एक वाहन से हो रहा धान का परिवहन, किसान परेशान



**चिल्हारी नवभारत 19 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम कोटरी खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने नवभारत टीम जब पहुची तो किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र में धान रखने की जगह नहीं है, जिसके कारण दो-तीन दिन में नम्बर आता है, क्योंकि एक गाड़ी से परिवहन किया जाता है। इससे जगह खाली होने में समय लगता है और इस कड़ाके की ठण्ड में परेशानी होती है।

खरीदीं केन्द्र प्रभारी रजनीश तिवारी ने बताया कि 1 दिसम्बर से धान खरीदी का काम प्रारंभ किया गया है आज दिनांक तक लगभग 15000 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है, किन्तु परिधान न होने के कारण लेबरों की मज़दूरी में एवं धान के रखरखाव में भारी दिक्कत होती है। उपरोक्त जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई हैं, किन्तु परिवहन व्यवस्था में अभी भी सुधार नहीं हुआ है।

**श्रीबरी खरीदी केन्द्र यूनिट क्रमांक 1 में दिक्कत नहीं : परिहार**-इसी तरह श्रीबरी खरीदी केन्द्र यूनिट क्रमांक 1 के प्रभारी भरत सिंह परिहार एवं अजय शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खरीदी कार्य चल रहा है। यही धान की तुलाई होती है और यही श्रीबरी खरीदी केन्द्र में रखरखाव किया जाता है, जिससे परिवहन यही के यही हो जाता है। किसानों को कोई परेशानी नहीं होती। श्री बालाजी खरीदीं केन्द्र में किसानों द्वारा बताया गया कि धान की तुलाई एवं रखरखाव हम किसानों की सुविधानुसार किया जा रहा है।

# कड़ाके की ठण्ड में गांव के विकास को लेकर अनशन पर बैठा युवक



▸ कुड़ी के संकल्पित युवा पहुंच मार्ग के निर्माण की मांग की

**चिल्हारी नवभारत 19 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद के ग्राम पंचायत सलैया के कुड़ी गांव में अपनी कई मांगों को लेकर एक युवक आज 1:00 बजे से अनशन पर बैठ गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ी निवासी अभय द्विवेदी पिता शिव गोपाल द्विवेदी अब कई बार अपने गांव के विकास के लिए मांग से संबंधित अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराते रहे, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को नहीं सुना गया, जिससे व्याथित होकर युवक इस कड़ाके की सर्दी में अनशन पर बैठ गया। युवक की प्रमुख मांग है कि कुड़ी पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाए। इसके बाद माता परिसर और मुक्ति धाम की जमीन की सीमा तय कर अतिक्रमण मुक्त करते हुए वहां तक पहुंचा मार्ग बनाया जाए।

**नल जल योजना के तहत खोदी गई सड़क की मरम्मत की जाए**-तीसरी प्रमुख मांग है नल जल योजना के तहत जो गांव की सड़कों को खोदा गया है उसकी मरम्मत की जाए और संबंधित नल जल विभाग के ऊपर कार्यवाही प्रस्तावित जाए। बता दें कि जिले के मानपुर जनपद पंचायत के सलैया और कुड़ी एक ऐसे गांव हैं जो कि आजादी के बाद भी आज तक रोड को तरस रहा हैं। अपनी प्रमुख मांग को लेकर युवक अनशन पर बैठा है अब देखना यह है कि प्रशासन के कानों में कब तक जूं रेंगती है।


## कार्यालय नगर परिषद नौरोजाबाद, जिला- उमरिया म.प्र.

Email Id-cmonorojabad@mpurban.gov.in

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_469362_1 17.12.2025 | Inviting Rate of miscellaneous item for Financial Year 2025-26 in Nagar Parishad Nowrozabad. | 2025-26 9,50,000.00 | 10,000.00 2000.00 | 02-Jan-2026 05:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा। निविदा से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद नौरोजाबाद
जिला उमरिया (म.प्र.)